इस प्रश्न-पत्र में **16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ** हैं ।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **कोड नं. 51/AS/3**

**Set A**

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (201)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ____________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1.** परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।

**4.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

**5.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**6.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **51/AS/3-A** लिखें।

# HINDI

# ( हिन्दी )

# (201)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **100**

**निर्देश :** **1.** **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**2.** प्रश्नों के लिए निर्धारित **अंक** उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए : **1x5=5**

(i) कबीर के अनुसार घर में धन बढ़ने पर उसे–

(A) दान कर देना चाहिए (B) घर में भर लेना चाहिए

(C) उड़ा देना चाहिए (D) छिपा लेना चाहिए

(ii) 'आज़ादी' कविता के आधार पर कौन-सा मिलान ठीक **नहीं** है?

(A) भूखा–भोजन (B) कवि–बलिदान

(C) ज्ञानी–ज्ञान (D) प्यासा–पानी

(iii) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने समाज के ढोंगी लोगों के प्रतीक के रूप में किसे चित्रित किया है?

(A) मछली (B) बगुला

(C) चिड़िया (D) कौआ

(iv) 'बीती विभावरी जाग री' कविता की भाषा है :

(A) ब्रज (B) अवधी

(C) राजस्थानी (D) खड़ी बोली

(v) 'भाग्यवाद' मनुष्य को कैसा बना देता है? – आह्वान कविता के आधार पर बताइए।

(A) आलसी (B) पराश्रित

(C) अकर्मण्य (D) अवसरवादी

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए : **1x6=6**

(i) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में प्रेम की उपजाऊ भूमि किसे कहा है?

(ii) 'आह्वान' कविता में एकता को गले का हार किस अर्थ में कहा है?

(iii) 'क्षिप्र तो वह है जो सही क्षण में सजग है' कथन का क्या आशय है?

(iv) कबीर ने अपने दोहे में कुम्हार और घड़े के माध्यम से क्या समझाने की कोशिश की है?

(v) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार सन्नाटे में नदियाँ क्या करती हैं?

(vi) 'आज़ादी' कविता में शागिर्द ने मानव की किन मूलभूत आवश्यकताओं को आज़ादी कहा है?

**3.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **5**

पावस देखि रहीम मन, कोइल साधै मौन।
अब दादुर बक्ता भए, हमको पूछत कौन।।

**अथवा**

अधरों में राग अमंद पिए,
अलकों में मलयज बंद किए,
तू अब तक सोई है आली!
आँखों में भरे विहाग री!

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में लिखिए : **2x3=6**

(i) 'इसे जगाओ' कविता में सूरज, हवा और पक्षी के किन-किन गुणों के कारण उनका उल्लेख किया गया है?

(ii) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में वर्णित जल-प्रदूषण के कारण लिखिए।

(iii) 'आज़ादी' कविता में शागिर्द ने सुई में धागा पिरोने का निर्णय क्यों लिया?

(iv) 'सुबरन कलस' और 'सुरा' की तुलना किससे की गई है?

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : **3**

'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में बगुला और मछली समाज के किस वर्ग के प्रतीक हैं? आज के समाज में ये कहाँ तक प्रासंगिक हैं?

**अथवा**

'बीती विभावरी जाग री' कविता के काव्य-सौंदर्य व भाषा पर टिप्पणी कीजिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : **1x6=6**

(i) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध में हज़ारीप्रसाद द्विवेदी जी ने किस महापुरुष की विचार धारा का उल्लेख किया है?

(A) शंकराचार्य (B) महात्मा गांधी

(C) स्वामी विवेकानंद (D) महात्मा बुद्ध

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' के अनुसार पैसे मिलते ही फकीर क्या खाते थे ?

(A) अफीम (B) रोटी

(C) मेवे (D) फल

(iii) निर्मला ने बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना बंद कर दिया क्योंकि-

(A) वह आलसी हो गई थी (B) उसे मुहल्ले की औरतों ने सिखा दिया था

(C) उसकी ममता मर चुकी थी (D) वह बूढ़ी हो गई थी

(iv) 'गिलहरियों' के जीवन की अवधि है :

(A) दो वर्ष (B) तीन वर्ष

(C) एक वर्ष (D) दस महीने

(v) 'सुखी राजकुमार' की आँखों में लगा नीलम किस देश का था?

(A) भारत (B) यूनान

(C) रूस (D) मिस्र

(vi) निम्नलिखित में से किसे शरीर की प्रतिरक्षात्मक व्यवस्था में शामिल किया जा सकता है?

(A) नासिका छिद्र में बाल (B) सिर पर उगे बाल

(C) त्वचा से निकलता पसीना (D) मुँह में बनने वाली लार

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में दीजिए : **1x7=7**

(i) किशोर ने बहादुर को क्यों पीटा?

(ii) गौरैया ने मिस्र देश न जाने का निश्चय कब किया?

(iii) लेखिका ने कौए के लिए किन दो विशेषणों का प्रयोग किया है?

(iv) समाचार लिखने वाले संवाददाता को और किस नाम से जाना जाता है?

(v) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में लेखक ने मानव सेवा को समर्पित किन दो महिलाओं का उल्लेख किया है?

(vi) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में नाखून मनुष्य के किस स्वभाव के प्रमाण हैं?

(vii) 'अंधेर नगरी' नाटक के पात्र गोबरधनदास को किस कारण दंड का भागी होना पड़ा?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+2=5**

उसी बीच मुझे मोटर-दुर्घटना में आहत होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा। उन दिनों जब मेरे कमरे का दरवाज़ा खोला जाता, गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौड़ता और फिर किसी दूसरे को देख कर तेज़ी से अपने घोंसले में जा बैठता। सब उसे काजू दे जाते, परंतु अस्पताल से लौटकर जब मैंने उसके झूले की सफाई की तो उसमें काजू भरे मिले, जिनसे ज्ञात होता था कि वह उन दिनों अपना प्रिय खाद्य कितना कम खाता रहा।

मेरी अस्वस्थता में वह तकिये पर सिरहाने बैठ कर अपने नन्हें-नन्हें पंजों से मेरे सिर और बालों को इतने हौले-हौले सहलाता रहता कि उसका हटना एक परिचारिका के हटने के समान लगता।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए।

(ख) गद्यांश का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) गिल्लू का काजू तक न खाना-उसके किस गुण को उजागर करता है?

**अथवा**

बचेंद्री को बचपन में रोज़ 5 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था। बाद में पर्वतारोहण प्रशिक्षण के दौरान उनका यह कठोर परिश्रम बहुत काम आया। आठवीं पास करने के बाद पिता ने उनकी पढ़ाई का खर्च उठाने से मना कर दिया। बचेंद्री ने इसका भी रास्ता तलाश किया। उन्होंने सिलाई का काम सीखा और सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाने लगीं। इस तरह उन्होंने संस्कृत से एम.ए. तथा बी.एड. की उपाधि प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने के अपने लक्ष्य को हमेशा अपने सामने रखा।

(क) यह गद्यांश किस पाठ से है? इसकी शैली क्या है?

(ख) आठवीं के बाद बचेंद्री की पढ़ाई क्यों रोक दी गई?

(ग) अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए बचेंद्री ने क्या किया?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में लिखिए : **2x4=8**

(क) 'शतरंज के खिलाड़ी'-मीर और मिर्ज़ा का दुखद अंत क्यों हुआ?

(ख) निबंध कितने प्रकार के होते हैं? उल्लेख कीजिए।

(ग) इंजीनियरिंग की पढ़ाई में कल्पना चावला का विषय क्या था? उसने कहाँ से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की?

(घ) बहादुर को नौकर रखने वाले मध्यवर्गीय परिवार की मानसिकता पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'गिल्लू' की आत्मीयता भरी शरारत से जुड़ी किन्हीं दो बातों का उल्लेख कीजिए।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **3x3=9**

(क) 'सुखी राजकुमार' कहानी के राजकुमार को मूर्ति के रूप में प्रतिष्ठित होने पर किस बात का अहसास हुआ?

(ख) राबर्ट नर्सिंग होम की मदर मार्गरेट के स्वरूप और स्वभाव का चित्रण कीजिए।

(ग) 'टीका' लगवाने से किन रोगों से बचाव हो सकता है? इसका क्या सिद्धांत है?

(घ) 'शतरंज के खिलाड़ी'-कहानी की भाषा शैली पर प्रकाश डालते हुए उसका तत्कालीन समाज से तालमेल बताइए।

**11.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1x5=5**

शोभित है सर्वोच्च मुकुट से,
    जिनके दिव्य देश का मस्तक,
गूँज रही हैं सकल दिशाएँ,
    जिनके जय गीतों से अब तक।
जिनकी महिमा का है अविरल
    साक्षी सत्य-रूप हिम गिरिवर।
उतरा करते थे विमान-दल,
    जिसके विस्तृत-वक्षस्थल पर।

(क) इस काव्यांश में किसका गुणगान किया गया है?

(ख) देश के मस्तक पर क्या शोभित है?

(ग) महिमा के साक्षी कौन-कौन हैं और क्यों?

(घ) विमान दल कहाँ उतरा करते थे?

(ङ) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छाँटकर लिखिए।

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1x5=5**

गांधी जी ने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे। बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध 'चिपको-आंदोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फ़ादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया। गांधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किंतु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बँधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गांधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

(i) सभी महान आत्माओं ने किस सत्य को ग्रहण किया ?

(ii) गांधीजीका मानसिक क्षितिज एक राष्ट्र की सीमाओं में बँधा हुआ नहीं था-आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) गांधीजी की मृत्यु पर अमरीकी राष्ट्रध्वज क्यों झुका दिया गया ?

(iv) 'स्वतंत्रता' और 'समर्पित' से उपसर्ग और प्रत्यय छाँटिए।

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**13.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1x10=10**

(i) संधि-विच्छेद कीजिए : विद्यालय, प्रत्येक

(ii) विग्रह पूर्वक समास का नाम लिखिए : रोगमुक्त अथवा पाप-पुण्य

(iii) 'प्रति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(iv) अधिक वर्षा हुई और किसान निराश हो गए।
(सरल वाक्य में बदलिए)

(v) यद्यपि मोहन ने बहुत मेहनत की, तथापि वह उत्तीर्ण नहीं हो सका।
(रचना के अनुसार वाक्य-भेद बताइए)

(vi) अरे तुम कहाँ चले गए थे
(यथास्थान उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए)

(vii) आँखें फेर लेना, नाक में दम करना
(किसी एक मुहावरे का वाक्य-प्रयोग कीजिए)

(viii) मेरे को खाना दे दो।
(वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए)

(ix) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
(वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए)

(x) 'ईय' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए : **5**

विगत एक-दो दशकों में युवावर्ग में अपव्यय की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं। वे सुख-सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं और अपनी आय और व्यय में तालमेल बिठाने की उन्हें चिंता नहीं है। धन-संग्रह न सही, कठिन समय के लिए कुछ बचाकर रखना भी वे नहीं चाहते। उन्हें लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से उत्पादक-व्यवसायी भरमाते हैं। परिणामस्वरूप आज का युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है। अनेक कंपनियाँ और बैंक क्रेडिट-कार्ड देकर उनकी खरीद शक्ति को बढ़ाने का दावा करते हैं और बाद में निर्ममता से वसूलते हैं। आज का युग भौतिक सुख भोगने के लिए अनेक प्रकार के प्रलोभन दे रहा है। युवा-वर्ग इनमें उलझता चला जा रहा है। आजकल मोबाइल फोन का प्रयोग भी एक फ़ैशन बनता चला जा रहा है। इन सब वस्तुओं ने हमारे मन में अशांति के बीज बो दिए हैं।

**15.** परिवहन निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए जिसमें आपके गाँव/कॉलोनी तक बस चलाने का अनुरोध हो। **5**

**अथवा**

अपने पिता को पत्र लिखकर सर्वशिक्षा अभियान में अपनी भागीदारी के विषय में बताइए।

**16.** निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) श्रम का महत्त्व

(ख) मेरा प्यारा भारतवर्ष

(ग) हमारी सामाजिक समस्याएँ

(घ) मुड़ो प्रकृति की ओर

- o O o -